# लाखों खर्च के बाद भी बदहाल आनंदपुर

**खास बातें**
- गंदगी और चोक नालियों से ग्रामीण त्रस्त
- तहसील बनने की ओर अग्रसर पंचायत में सफाई व्यवस्था फेल
- बीमारियों का बढ़ा खतरा





नवभारत न्यूज

**आनंदपुर 3 मई, तहसील घोषित होने की दिशा में आगे बढ़ रही ग्राम पंचायत आनंदपुर की वर्तमान स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है. लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है. गलियों और सड़कों के किनारे जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा है बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है.**

गांव में एमपीआरडीस द्वारा निर्मित नालियां कई स्थानों पर पूरी तरह चोक पड़ी हैं. इनमें गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है. स्थानीय शुभम सोनी (आईटीआई कार्यकर्ता) के अनुसार डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है. कई जगहों पर नालियां कचरे से इस कदर भर चुकी हैं कि पानी की निकासी पूरी तरह बंद हो गई है.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों और निर्माण एजेंसियों द्वारा नालियों को अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है. इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है.ग्रामीणों का कहना है कि हर साल साफ-सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है. केवल कागजी खानापूर्ति कर योजनाओं को पूरा दिखा दिया जाता है.

बरसात के समय हालात और भी बिगड़ जाते हैं. पिछले वर्ष बेमौसम बारिश के दौरान नालियों का पानी घरों और दुकानों में भर गया था, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा. इलेक्ट्रॉनिक और कपड़ा दुकानों का सामान खराब हो गया था. यदि इस बार समय रहते नालियों की सफाई नहीं हुई, तो आने वाले मानसून में फिर से ऐसी स्थिति बन सकती है.

## लापरवाही की भेंट चढ़ा आनंदपुर, गंदगी और चोक नालियों से हालात बदतर

ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी मस्त हैं और जनता पस्त हो रही है.

मामले को लेकर जनपद पंचायत लटेरी के सीईओ उदय प्रताप सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. इससे जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं.

ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल सफाई अभियान चलाकर नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और लापरवाह लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा संक्रामक बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है.

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, रेलवे स्टेशन तक बढ़ी पुलिस निगरानी

- फ्लैग मार्च से अपराधियों में खौफ
- बाहरी गतिविधियों पर सख्त नजर—जनता में बढ़ा भरोसा



नवभारत न्यूज

**सांची 3 मई, ऐतिहासिक एवं संवेदनशील स्थल सांची में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए बाहरी लोगों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में रेलवे स्टेशन को भी निगरानी के दायरे में शामिल किया गया है, जिससे आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर सतर्क दृष्टि रखी जा सके.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी के नेतृत्व में सांची पुलिस लगातार सक्रिय बनी हुई है. पुलिस ने जहां आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने में सफलता हासिल की है, वहीं अब चौराहों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी और बढ़ा दी गई है.

पुलिस का उद्देश्य स्पष्ट है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति इस ऐतिहासिक स्थल की शांति भंग न कर सके. रोजाना शाम को थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है, जिससे असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना हुआ है और वे आपराधिक गतिविधियों से दूर रह रहे हैं.पुलिस की इस सख्त कार्यप्रणाली का सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है. नगरवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और कानून व्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है.

### क्या कहते हैं लोग

संतोष दुबे (व्यापारी महासंघ अध्यक्ष) ने कहा कि पुलिस की सक्रियता से अपराधों पर अंकुश लगा है और लोगों का भरोसा बढ़ा है.अंकित मेहतो (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष) ने कहा कि बढ़ते अपराध ग्राफ पर पुलिस ने प्रभावी नियंत्रण किया है.संजीत वर्मा (भाजपा नेता) ने कहा कि पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय भूमिका निभाई है.आर.एस. यादव (सपा नेता) के अनुसार पुलिस की सख्त कार्यप्रणाली से शांति स्थापित होगी और सांची की छवि बेहतर बनेगी.सांची में पुलिस की बढ़ती सतर्कता अब केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि जनता के भरोसे को भी मजबूत कर रही है.

### उपार्जन समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर कृषि उपज उपार्जन कार्य निरंतर प्रगति पर है। उपार्जन प्रक्रिया के दौरान किसानों को आने वाली विभिन्न फील्ड स्तरीय एवं तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है. इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 6269108974 निर्धारित किया गया है. जिस पर जिले के कृषक अपनी समस्याएं सीधे दर्ज करा सकते हैं.कंट्रोल रूम उपार्जन अवधि के दौरान (शासकीय अवकाश को छोड़कर) प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित रहेगा. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों एवं समस्याओं का संबंधित अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा.ताकि किसानों को उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. कृषक बंधुओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कंट्रोल रूम से संपर्क कर उसका समाधान प्राप्त करें.

# तेज आंधी से सांची बेहाल, पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था ठप्प



नवभारत न्यूज

**सांची. शनिवार को नगर में आई तेज आंधी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया. आंधी के चलते नगर के कई हिस्सों में पेड़ उखड़कर सड़कों और बिजली लाइनों पर गिर गए, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई.**

अचानक बदले मौसम और तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ सीधे बिजली के तारों पर गिर पड़े, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई. परिणामस्वरूप नगरवासियों को घंटों तक बिजली बहाल होने का इंतजार करना पड़ा.आंधी का असर केवल बिजली व्यवस्था तक सीमित नहीं रहा. कई घरों की टीन शेड तेज हवा में उड़ गईं, जिससे लोगों को नुकसान उठाना पड़ा.सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और देर रात तक लाइनों से पेड़ हटाने व आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे. कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के बाद धीरे-धीरे बिजली व्यवस्था को सामान्य किया जा सका.प्राकृतिक आपदा के बीच राहत की बात यह रही कि कर्मचारियों की मुस्तैदी से अंधेरे में डूबा नगर फिर रोशनी की ओर लौट सका.



# योग शिविर की तैयारी तेज, समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

- 15 से 24 मई तक मानस भवन में लगेगा शिविर
- अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,स्वयं स्वस्थ बनो अभियान समिति एवं रक्त सेवा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया. बैठक में 15 मई से 24 मई तक मानस भवन में आयोजित होने वाले योग शिविर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.**

शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्ययोजना तैयार की गई और निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक महिला एवं पुरुषों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी. सदस्यों ने आमजन से इस अभियान से जुड़कर योग शिविर में भाग लेने की अपील की.बैठक में रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, अध्यक्ष राकेश जैन, उपाध्यक्ष परवेज फजलानी, ओमप्रकाश जैन, सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष (महिला शाखा) श्रीमती विद्या यादव, सचिव श्रीमती रेहाना फजलानी, संरक्षक श्रीमती प्रमिला तिवारी, श्रीमती मीनेश यादव, महेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेंद्र गौर, मोहित समैया, अनुराग जैन, जगपाल सिंह, लखपत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.समिति ने आह्वान किया कि पहला सुख निरोगी काया के संदेश को अपनाते हुए अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं.

# 41 फीट शिवलिंग दर्शन कार्यक्रम संपन्न आध्यात्मिकता पर दिया गया जोर

- ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी बोलीं-जीवन के सार को समझना ही सच्ची आध्यात्मिकता
- बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा परमात्मा की प्रत्यक्षता को लेकर 41 फीट शिवलिंग दर्शन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम में सुंदर झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे.**

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ किसी धर्म विशेष से जुड़ना नहीं, बल्कि जीवन के सार को समझना है. उन्होंने कहा कि हम केवल झांकियां देखकर प्रसन्न न हों, बल्कि अपने जीवन में भी झांककर श्रीकृष्ण जैसे गुणों को अपनाने का प्रयास करें. व्यक्ति अपने गुणों से ही महान बनता है और आपसी सद्भाव से जीवन सहज, सुंदर और संतुलित बनता है.ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि सत्यता सबसे बड़ा गुण है और आध्यात्मिक रूप से सशक्त होने पर ही विवेकपूर्ण निर्णय संभव हैं. आध्यात्मिकता व्यक्ति को आंतरिक रूप से मजबूत बनाती है, जिससे वह निर्भय होकर सही निर्णय ले पाता है.

एडमिरल हारा ने उपस्थित नागरिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यहां सीखी गई बातों को जीवन में अपनाना आवश्यक है. नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है और ब्रह्माकुमारी बहनें चरित्र निर्माण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही हैं.ब्रह्माकुमारी नंदिनी बहन ने आध्यात्मिक जीवन निर्माण चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कराया और अंत में सभी को मेडिटेशन कराकर शांति का अनुभव कराया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने सहभागिता कर आयोजन की सराहना की.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

# भाजपा की शक्ति केंद्र बैठकें 25 से 30 मई तक, प्रभारी नियुक्त




नवभारत न्यूज

**पठारी. आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल पठारी की बैठक मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह दांगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 मई से 30 मई तक विभिन्न शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसके लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई.**

बैठक में शक्ति केंद्रों के प्रभारी भी नियुक्त किए गए. इसके तहत पठारी शक्ति केंद्र पर अरुण सहेले, राकेश सिंघाई एवं संजय जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई. उकावद में बलबीर सिंह दांगी, शहरबासा में इंद्राज सिंह ठाकुर, भाल बामोरा में माखन सिंह ठाकुर, कांकलखेड़ी में पृथ्वी सिंह चौहान, बांद्रावठा में पवन सिंह राजपूत तथा छपारा में शैलेंद्र चौधरी को प्रभारी बनाया गया.इस अवसर पर मंडल महामंत्री अखिलेश पंथी, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंघई, अरुण सहेले, संजय जैन, शैलेंद्र चौधरी, बलराम साहू, सर्वेश जैन, असलम अली सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# 220758 मेट्रिक टन का परिवहन, 429 करोड़ के ईपीओ का किसानों को भुगतान

- किसानों से 243513 मेट्रिक टन खरीदी की गई



नवभारत न्यूज

**विदिशा, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में राज्य शासन के निर्देशानुसार गेहूं उपार्जन का कार्य संपादित कराये जाने हेतु विदिशा जिले में 174 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं.जिले के समस्त अनुविभागों विदिशा में 51 ग्यारसपुर 16 में गंजबासौदा 23 में कुरवाई में 19 नटेरन में 31 सिरोंज में 20 एवं लटेरी में 14 कुल 174 गेहूं उपार्जन केन्द्र संचालित किये जा रहे है.**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा उपार्जन (खरीदी) कार्यों की प्रति दिवस विशेष निगरानी की जा रही है.उनके द्वारा उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और सरल बनी रहे एवं उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो और समय से उपार्जन हो इसके लिए जिलेभर के उपार्जन केन्द्रों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है.उपार्जन कार्य नियमित रूप से संचालित है जिसकी समीक्षा कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा नियमित की जा रही है एवं उपार्जन हेतु स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी त्वरित गति से किया जा रहा है. जिले में गेंहूं विक्रय हेतु 87913 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है जिसके विरूद्ध 74231 (85 प्रतिशत) किसानों द्वारा गेंहूँ विक्रय हेतु स्लॉट बुक कराये गये है जिनमें से केन्द्रों पर 40678 किसानों से 243513 मेट्रिक टन खरीदी की गई है जिसके विरूद्ध 220758 मेट्रिक टन का (90 प्रतिशत) परिवहन होकर किसानों के भुगतान हेतु 429 करोड़ के भुगतान हेतु प्राप्त हो गये हैं.

**हादसा** | एम्बुलेंस फंसी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से हटवाया वाहन, तीन लोग घायल

# तेज रफ्तार बोरवेल मशीन पलटी, एक घंटे तक लगा जाम





नवभारत न्यूज

**पठारी. त्योदा-पठारी मार्ग स्थित गुफा तिराहे पर तेज रफ्तार से जा रही बोरवेल मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही. जाम में एक एम्बुलेंस भी फंस गई, जिसे पुलिस की मदद से निकाला गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरवेल मशीन ग्राम कराई मुहांर में बोरिंग कार्य कर रही थी. डीजल खत्म होने पर वाहन पठारी पेट्रोल पंप से डीजल भराकर वापस लौट रहा था. इसी दौरान गुफा तिराहे पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया.

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम हटाने की कार्रवाई शुरू की. जेसीबी की मदद से बोरवेल मशीन को सड़क से हटवाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में था और अनियंत्रित होते ही पलट गया. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. बोरवेल मशीन में सवार करीब पांच लोगों में से तीन को मामूली चोटें आईं, जिनका उपचार कराया गया.

# ईको क्लब कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, बुक बैंक बना आकर्षण

- 300 विद्यार्थियों ने पुरानी पुस्तकें जमा कर नई प्राप्त कीं
- पौधारोपण व जागरुकता गतिविधियों में उत्साहपूर्ण भागीदारी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** डॉल्फ़िन स्कूल में ईको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा.प्रभारी सन्नी शर्मा एवं शैलेंद्र कुशवाह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वच्छता, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवन और वृक्षों के महत्व की जानकारी दी गई. इस दौरान एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन भी किया गया, जिसमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही पॉलीथिन के स्थान पर जूट के थैलों के उपयोग का संदेश दिया गया.कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बुक बैंक गतिविधि रही. इसके अंतर्गत लगभग 300 विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी पुस्तकें जमा कर नई कक्षा की पुस्तकें प्राप्त कीं. पुस्तकालय प्रभारी सुमित रघुवंशी के अनुसार इस पहल से कागज की बचत के साथ संसाधनों के पुनः उपयोग को बढ़ावा मिला.इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया. प्राचार्य संदीप जेटली ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हुए इस पहल की सराहना की.